**भारत सरकार**
**रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय**
**औषध विभाग**

**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न संख्या *268**
**दिनांक 13 दिसम्बर, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**नए जन औषधि केंद्र**

***268. डॉ. के. सुधाकरः**

क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार के पास देश भर में प्रस्तावित नए जन औषधि केंद्रों (जेएके) की सूची है, यदि हां, तो कर्नाटक का तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) कर्नाटक सहित राज्यवार/संघ राज्यक्षेत्रवार ग्रामीण क्षेत्रों में जन औषधि केंद्रों की संख्या बढ़ाने के लिए क्या कार्ययोजना बनाई गई है;

(ग) कर्नाटक में जिलावार स्थापित जन औषधि केंद्रों की वर्तमान स्थिति क्या है;

(घ) क्या सरकार की देश भर में जन औषधि केंद्रों में और अधिक दवाएं शामिल करने की योजना है;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में अन्य क्या कदम उठाए गए हैं; और

(च) चिक्काबल्लापुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितने जन औषधि केंद्र हैं और वहां नए जन औषधि केंद्र खोलने के नए प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**रसायन एवं उर्वरक मंत्री (श्री जगत प्रकाश नड्डा)**

**(क) से (च) :** विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

**नए जन औषधि केंद्रों के संबंध में डॉ. के. सुधाकर द्वारा पूछे जाने वाले दिनांक 13.12.2024 के लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 268 (8वां स्थान) के उत्तर के संबंध में उल्लिखित विवरण**

**(क):** दिनांक 30.11.2024 तक देश भर में कुल 14,320 जन औषधि केंद्र (जेएके) खोले गए हैं, जिनमें से 1373 जेएके कर्नाटक राज्य में खोले गए हैं । जेएके की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या **अनुलग्नक-I** में संलग्न है।

**(ख):** सरकार ने मार्च 2027 तक देशभर में 25,000 जन औषधि केंद्र (जेएके) खोलने का निर्णय लिया है। देश के सभी जिलों से www.janaushadhi.gov.in वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं । ग्रामीण क्षेत्रों में दवाओं की पहुँच बढ़ाने के लिए जन औषधि ने प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों (पीएसीएस) के माध्यम से जन औषधि केंद्र खोलने के लिए सहकारी क्षेत्र के साथ साझेदारी की है। 30 नवम्बर, 2024 तक 2690 से अधिक पीएसीएस को प्रारम्भिक मंजूरी दी गई है और पीएसीएस में 687 केंद्र खोले जा चुके हैं। इनमें से 20 जेएके कर्नाटक में पीएसीएस श्रेणी में खोले गए हैं ।

**(ग):** दिनांक 30.11.2024 तक कर्नाटक में कुल 1373 जन औषधि केंद्र खोले गए हैं। कर्नाटक में खोले गए जन औषधि केंद्रों की जिला-वार संख्या **अनुलग्नक-II** में दी गई है ।

**(घ) और (ङ):** पीएमबीजेपी के तहत 2047 प्रकार की दवाइयों और 300 सर्जिकल्स/उपकरणों को उत्पाद टोकरी में शामिल किया गया है, जिसमें सभी प्रमुख चिकित्सीय समूह जैसे कार्डियोवैस्कुलर, कैंसर-रोधी, मधुमेह-रोधी, संक्रमण-रोधी, एलर्जी-रोधी, गैस्ट्रो-इंटेस्टाइनल दवाएं, न्यूट्रास्युटिकल्स आदि शामिल हैं। पीएमबीजेपी की उत्पाद टोकरी में नियमित आधार पर नई दवाइयां जोड़ी जाती हैं ।

**(च):** दिनांक 30.11.2024 तक चिक्काबल्लापुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल 14 जेएके खोले गए हैं ।

पिछले एक वर्ष में, जेएके खोलने के लिए चिक्कबल्लापुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से कुल 33 आवेदन प्राप्त हुए हैं , जिनमें से 20 आवेदकों को सैद्धांतिक मंजूरी प्रदान की गई है।

अनुलग्नक-I

**नए जन औषधि केंद्रों के संबंध में डॉ. के. सुधाकर द्वारा पूछे जाने वाले दिनांक 13.12.2024 के लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 268 के भाग (क) के उत्तर के संबंध में उल्लिखित अनुग्नक**

| दिनांक 30.11.2024 तक जन औषधि केन्द्रों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या | | |
|---|---|---|
| **क्रम सं.** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम** | **खोले गए जन औषधि केन्द्रों की संख्या** |
| 1 | अंडमान और निकोबार | 9 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 270 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 34 |
| 4 | असम | 164 |
| 5 | बिहार | 747 |
| 6 | चंडीगढ़ | 10 |
| 7 | छत्तीसगढ | 233 |
| 8 | दिल्ली | 485 |
| 9 | गोवा | 15 |
| 10 | गुजरात | 726 |
| 11 | हरियाणा | 376 |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | 69 |
| 13 | जम्मू और कश्मीर | 313 |
| 14 | झारखंड | 138 |
| 15 | कर्नाटक | 1373 |
| 16 | केरल | 1458 |
| 17 | लद्दाख | 2 |
| 18 | लक्षद्वीप | 1 |
| 19 | मध्य प्रदेश | 516 |
| 20 | महाराष्ट्र | 702 |
| 21 | मणिपुर | 49 |
| 22 | मेघालय | 23 |
| 23 | मिजोरम | 15 |
| 24 | नागालैंड | 21 |
| 25 | ओडिशा | 644 |
| 26 | पुदुचेरी | 32 |
| 27 | पंजाब | 481 |
| 28 | राजस्थान | 455 |
| 29 | सिक्किम | 12 |
| 30 | तमिलनाडु | 1300 |
| 31 | तेलंगाना | 198 |

| | | |
|---|---|---|
| 32 | डीएनएच और डीडी | 38 |
| 33 | त्रिपुरा | 29 |
| 34 | उत्तर  प्रदेश | 2533 |
| 35 | उत्तराखंड | 303 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 546 |
| | **कुल योग** | **14,320** |

**अनुलग्नक-II**

**नए जन औषधि केंद्रों के संबंध में डॉ. के. सुधाकर द्वारा पूछे जाने वाले दिनांक 13.12.2024 के लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 268 के भाग (ग) के उत्तर के संबंध में उल्लिखित अनुग्नक**

| कर्नाटक राज्य में शुरूआत से दिनांक 30.11.2024 तक खोले गए जन औषधि केन्द्रों की जिलावार संख्या | | |
|---|---|---|
| **क्रम सं.** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम** | **खोले गए जन औषधि केन्द्रों की संख्या** |
| 1 | बागलकोट | 28 |
| 2 | बेंगलुरु शहरी | 381 |
| 3 | बेंगलुरू ग्रामीण | 37 |
| 4 | बेलगावी | 21 |
| 5 | बल्लारी | 25 |
| 6 | बीदर | 28 |
| 7 | विजयपुरा | 46 |
| 8 | चामराजनगर | 14 |
| 9 | चिक्कामगलुरु | 22 |
| 10 | चित्रदुर्ग | 20 |
| 11 | दक्षिण कन्नड़ | 125 |
| 12 | दावणगेरे | 36 |
| 13 | धारवाड़ | 41 |
| 14 | गडग | 15 |
| 15 | कालाबुर्गी | 31 |
| 16 | हसन | 23 |
| 17 | हावेरी | 42 |
| 18 | कोडागू | 19 |
| 19 | कोलार | 17 |
| 20 | कोप्पल | 24 |
| 21 | मंड्या | 44 |
| 22 | मैसूर | 71 |
| 23 | रायचूर | 29 |
| 24 | शिवमोगा | 41 |
| 25 | तुमकुरु | 42 |
| 26 | उडुपी | 67 |
| 27 | उत्तर कन्नड़ | 27 |
| 28 | चिक्कबल्लपुर | 14 |
| 29 | रामानगर | 17 |
| 30 | यादगीर | 14 |
| 31 | विजयनगर | 12 |
| **कुल** | | **1373** |

*****